1984-85 के दौरान उत्तर प्रदेश के 10 चुनिन्दा विकास खंडों में चावल उत्पादन के लिए मार्गदर्शी परियोजना चलाई गई थी। 1990-91 के दौरान उत्तर प्रदेश के 37 अभिज्ञात जिलों मे "एकीकृत चावल विकास कार्यक्रम" कार्यान्वित किया जा रहा है।

1990-91 के दौरान कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार को 1593 96 लाख रुपए की परिव्यय राशि केंद्रीय सहायता के तौर पर प्रदान की गई है।

**रेलवे प्लेटफार्मों पर जूस स्टाल आबंटित करने के संबंध में मापदण्ड**

230. **डा० अबरार अहमद** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे प्लेटफार्मों तथा रेलवे कैन्टीनों पे जूस स्टालों के आवंटन के संबंध में अपनाए जाने वाले मापदंड क्या हैं ;

(ख) राजस्थान के उन प्लेटफार्मों के नाम क्या क्या हैं जहां निकट भविष्य में इस प्रकार के स्टालों का आवंटन किया जाना हैं ; और

(ग) क्या मंत्री महोदय को किसी प्रकार का कोटा आवंटित किया गया है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास)** : (क) क्षेत्रीय रेलो द्वारा निर्धारित प्रक्रिया तथा मार्ग निर्देशो के अनुसार जहा कहीं औचित्य पाया जाता है वहां जूस स्टालो सहित खानपान/वेंडिंग की सी लाइसेंस आबंटित किए जाते है।

(ख) फ़िलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) जी नही।

**कृषि उत्पादन की स्थिति**

231. **डा. अबरार अहमद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष की तुलना मे इस वर्ष कृषि उत्पादन की स्थिति क्या है ; क्या इसमे कोई वृद्धि अथवा कमी हुई है और यदि हा, तो उसके क्या कारण है,

(ख) इस वर्ष तथा पिछले वर्ष विभिन्न कृषि उत्पादो का वसूली मूल्य क्या रहा है और यदि कोई परिवर्तन हुआ है तो उसके क्या कारण हैं, और

(ग) मूल्यों में वृद्धि का कृषि उत्पादन पर क्या असर पड़ा है ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचन्दभाई शाह)** : (क) खाद्यान्नों, तिलहनों और अन्य फसलों के उत्पादन के अंतिम अनुमान कृषि वर्ष 1990-91 (जुलाई-जून) के खरीफ और रबी मौसमों के लिए अभी देय नहीं हुये हैं तथापि प्रारंभिक मूल्यांकन के अनुसार खाद्यान्नों पटसन और मेस्ता तथा गन्ने का उत्पादन अधिक होने की आशा है जबकि कपास और तिलहनो का उत्पादन 1990-91 मे पिछले वर्ष की तुलना मे कम होने का अनुमान लगाया गया है।

1990 के दौरान देश के अधिकांश भागो मे दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम (जून से सितम्बर तक) मे पर्याप्त वर्षा होने तथा इसके साथ-साथ मूल्य प्रोत्साहन और पर्याप्त आदानों की आपूर्ति के साथ कारगर विस्तार की वजह से खाद्यान्नो पटसन और मेस्ता तथा गन्ने के उत्पादन मे वृद्धि होने की आशा है। दूसरी ओर पंजाब और हरियाणा मे कृमि रोग के प्रकोप की वजह से तथा गुजरात मे बुवाई के समय अपर्याप्त वर्षा होने की वजह से कपास का उत्पादन प्रभावित हुआ है। तिलहनो का उत्पादन विशेषकर मूंगफली का उत्पादन सौराष्ट्र तथा रायल सीमा क्षेत्रों मे चालू दक्षिण-पश्चिमी मानसून मौसम (1990) मे बुवाई के समय काफी समय तक सूखा पडने की वजह से प्रभावित हुआ है।

(ख) और (ग) वर्ष 1989-90 तथा 1990-91 (फसल वर्ष) के लिये अधिप्राप्ति/न्यूनतम समर्थन मूल्यो को दर्शाने वाला एक विवरण सलग्न है **(नीचे देखिए)**। विभिन्न जिन्सो के मूल्यों मे वृद्धि की घोषणा कर दी गई है ताकि आदानो की लागत मे हुई वृद्धि को कवर किया जा सके और साथ ही श्रमकों को उचित लाभ मिल सके। उसमे सामान्य स्थितियों के अंतर्गत अन्य मानदण्ड समान रखकर फसलों के उत्पादन और उत्पादकता मे वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहन मिलने की आशा है।

विवरण

कृषि जिन्सों के लिये सरकार द्वारा निर्धारित उत्पादन।न्यूनतम समर्थन/सांविधिक न्यूनतम मूल्य।

(फसल वर्ष के अनुसार)

रूपये प्रति क्विंटल

| फसल | किस्म | क्वालिटी | 1989–90 | 1990–91 |
|---|---|---|---|---|
| धान | सामान्य | उचित औसत किस्म | 185 | 205 |
| मूल्य अन्तर | — | ,, | 10.00 | 10.00 |
| ज्वार | — | ,, | 165 | 180 |
| बाजरा | — | ,, | 165 | 180 |
| मक्का | — | ,, | 165 | 180 |
| रागी | — | ,, | 165 | 180 |
| गेहूं | — | ,, | 215 | 225 |
| जौ | — | ,, | 180 | 190 |
| तुर (अरहर) | — | ,, | 425 | 480 |
| मूग | — | ,, | 425 | 480 |
| उड़द | — | ,, | 425 | 480 |
| चना | — | ,, | 421 | 450 |
| छिलके सहित मूगफली | — | ,, | 500 | 580 |
| सोयाबीन | काला | ,, | 325 | 350 |
| | पीला | ,, | 370 | 400 |
| सूरजमुखी बीज | | ,, | 530 | 600 |
| रोप तथा सरसों | | ,, | 575 | 600 |
| तोरिया | | ,, | 545 | |
| कुसुम | | ,, | 550 | 575 |
| कपास | 320–एफ./जे.–34/एफ. 414/एच. 777 | | 570 | 620 |
| | | एच–4 | 690 | 750 |
| पटसन | डब्ल्यू. असम में | | 295 टी. | 320 टी. |
| गन्ना* | | | 22.00 | 23.00 |
| तम्बाकू (वी०एफ०सी०) (रुपये प्रति कि०ग्रा०) | काली मिट्टी एफ.2 ग्रेड | | 12.50 | 13.25 |
| | हल्की मिट्टी 12 | | 13.50 | 14.25 |
| कोपरा | उचित औसत किस्म | | 1500 ** | 1600 ** |

*. इस स्तर से अधिक वृद्धि होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की समानुपातिक अनुमति के साथ 8.5 प्रतिशत की मूल वसूली के लिये।

**. क्रमशः चालू वर्ष के 1989 तथा 1990 के लिये

टी–टीडी–5 नौगांव असम मे
एस०टी०–निरन्तर